# भड़ौला गांव में 'एक साल दिल्ली बेहाल को लेकर' जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के भड़ौला गांव में 'एक साल दिल्ली बेहाल' को लेकर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आम आदमी पार्टी की ओर से किया गया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रदेशअध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और बुराड़ी से विधायक संजीव झा जनता की समस्याएं सुनने के लिए भड़ौला गाँव पहुंचे।

इस मौके पर गाँव की तरफ से उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर भड़ौला गाँव की जनता ने अपनी समस्याएं भी बताई। इस दौरान प्रदेशअध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और बुराड़ी से विधायक संजीव झा दिल्ली की भाजपा सरकार पर जमकर बरसे और बीजेपी के एक साल को जनता के लिए बेहाल बताया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के युवा नेताओ ने भी अपनी बात रखीं। इस मौके पर अभिषेक तिवारी, राष्ट्रीय प्रवक्ता आप के अलावा गुरमीत अरोड़ा, नितिश सागर, विपिन गुप्ता, विजय राठौर व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सबसे बड़ी अदालत जनता की अदालत है, जहाँ केजरीवाल पहले ही दोषी साबित हो चुके हैंः यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने जारी बयान में कहा कि भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के बावजूद अरविंद केजरीवाल भाजपा की 'वॉशिंग मशीन' में धुलकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का 'वॉशिंग मशीन' मॉडल एक बार फिर सामने आया है, जहाँ सरेंडर करते ही आरोपों के दाग मिटते दिखाई देते हैं। यह देश की राजनीति में दोहरे मापदंड और जांच एजेंसियों के चयनात्मक उपयोग को उजागर करता है।

श्री यादव ने याद दिलाया कि 3 जून 2022 को दिल्ली प्रदेश



कांग्रेस ने औपचारिक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें पंजाब के अकाली दल के नेता दीप मल्होत्रा का नाम लेते हुए शराब नीति से जुड़े गंभीर प्रश्न उठाए गए थे। उन्होंने कहा कि पंजाब में अकाली गठबंधन की चर्चाओं के बीच उस शिकायत और उससे जुड़े तथ्यों की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इस मामले में तात्कालीन उपराज्यपाल की भूमिका तथा मास्टर प्लान के उल्लंघन का मुद्दा भी कांग्रेस ने उठाया था, लेकिन इस पर न तो स्पष्ट जवाब मिला और न ही जांच एजेंसियों ने इस दिशा में कोई ठोस जांच की।

देवेंद्र यादव ने कहा कि 5 सितंबर 2022 को दिल्ली कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने आर्थिक अपराध शाखा, दिल्ली पुलिस को भाजपा के खाते में शराब घोटाले से जुड़ी कंपनी सोम ग्रुप द्वारा 2 करोड़ रुपये के चंदे से संबंधित साक्ष्य सौंपकर जांच की मांग की थी, किंतु अब तक इस दिशा में कोई निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई।

## समीक्षा के बाद सदन के पटल पर रखी जाएगी विशेषाधिकार समिति की रिपोर्टः विजेन्द्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली विधानसभा परिसर में विशेषाधिकार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान, पंजाब के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) आलोक शेखर, डीजीपी पंजाब गौरव यादव और जालंधर की पुलिस आयुक्त धनप्रीत कौर समिति के समक्ष उपस्थित हुए और अपना पक्ष रखा। विशेषाधिकार समिति में अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह राजपूत, अभय कुमार वर्मा, अजय कुमार महावर, नीरज बसोया, राम सिंह नेताजी, रवि कांत, सतीश उपाध्याय, सुरेंद्र कुमार और सूर्य प्रकाश खत्री शामिल हैं। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि समिति वर्तमान



में इस मुद्दे की जांच कर रही है और उसकी रिपोर्ट का इंतजार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस स्तर पर यह बताना कठिन है कि प्रक्रिया में कितना समय लगेगा। समिति द्वारा रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के बाद इसे सदन के पटल पर रखा जाएगा, जिसके बाद सदन समिति की सिफारिशों पर विचार-विमर्श करेगा। अंतिम निर्णय अध्यक्ष (चेयर) द्वारा लिया जाएगा।

## 'जीएसटीए ने उठाई मांग, बाहरवी कक्षा ऑनलाइन मूल्यांकन इस सत्र में न कराए'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** गवर्नमेंट स्कूल टीचर्स एसोसिएशन, दिल्ली ने सीबीएसई द्वारा वर्तमान सत्र में कक्षा बारहवीं की उत्तर पुस्तिकाओं के अनिवार्य डिजिटल मूल्यांकन लागू करने के निर्णय पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। एसोसिएशन के महासचिव अजय वीर यादव का मत है कि अधिकांश शिक्षकों को डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली का समुचित एवं प्रमाणित प्रशिक्षण नहीं दिया गया है तथा व्यापक स्तर पर मॉक अभ्यास भी आयोजित नहीं किए गए हैं। दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में



प्रशासनिक स्तर पर भी डिजिटल दक्षता अभी पूर्ण रूप से विकसित नहीं हुई है, जहाँ प्रधानाचार्य एवं अधिकारी नियमित डिजिटल कार्यों हेतु आईटी असिस्टेंट पर निर्भर हैं। ऐसे में बोर्ड रिजल्ट में बिना प्रशिक्षण के त्रुटियों की आशंका रहेगी। जीएसटीए ने मांग की है कि वर्तमान सत्र में डिजिटल मूल्यांकन को अनिवार्य रूप से लागू न किया जाए तथा इसे केवल सीमित स्तर पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में संचालित किया जाए। इसके लिए हाल ही में नियुक्त वे शिक्षक, जिन्होंने अपनी भर्ती परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से दी है, उन्हें उनकी स्वैच्छिक सहमति के आधार पर इस वर्ष डिजिटल मूल्यांकन में सम्मिलित किया जा सकता है। अन्य शिक्षकों को आगामी सत्र से पूर्व चरणबद्ध एवं प्रमाणित प्रशिक्षण तथा मॉक प्रैक्टिस प्रदान की जाए।

## पूर्व रेल मंत्री एलएन मिश्रा की हत्या मामले में दोबारा जांच की मांग को लेकर सीबीआई को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व रेलमंत्री ललित नारायण मिश्रा की बम मारकर हत्या के मामले की दोबारा जांच करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया है।

जस्टिस प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को करने का आदेश दिया।

इस मामले के दो दोषियों ने उच्च न्यायालय में अपनी सजा के खिलाफ अपील दायर की है।

ललित नारायण मिश्रा के परिवार ने भी इस मामले की दोबारा जांच की मांग की है। परिवार का कहना है कि इस मामले के असली आरोपितों को क्लीन चिट दे दी गई है। सुनवाई के दौरान सीबीआई की के वकील ने कहा कि वे ट्रायल कोर्ट के आदेश का समर्थन करते हैं जिसमें पांच लोगों को दोषी करार दिया गया था। पांच में से तीन दोषियों की मौत हो चुकी है।

दरअसल, 1975 में बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर पर तत्कालीन रेल मंत्री ललित नारायण मिश्रा की बम मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना में तीन लोगों की जान गई थी जबकि 18 लोग घायल हुए थे। घटना के दो-तीन के बाद ही इस मामले की जांच बिहार सीआईडी से सीबाआई को सौंप दी गई।

## जहांगीर पुरी में हो रही है दूषित पानी की आपूर्ति, लोग परेशानः एमएल भास्कर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन आई एवं जे ब्लाक जहागीरपुरी के अध्यक्ष एवं जहांगीर पुरी ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एम एल भास्कर ने बताया कि जहांगीर पुरी क्षेत्र के आई, जे, के एवं अन्य ब्लॉकों में इन दिनों दूषित पानी की आपूर्ति से स्थानीय निवासी गंभीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि नलों से आ रहा पानी बदबूदार, मटमैला और पीने योग्य नहीं है, जिसके कारण क्षेत्र में जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। श्री भास्कर ने बताया



कि जल बोर्ड को नियमित रूप से बिल चुकाने के बावजूद उन्हें स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। कई परिवारों को मजबूरी में बाजार से बोतलबंद पानी खरीदकर गुजारा करना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। महिलाओं और बुजुर्गों ने बताया कि पिछले कई दिनों से पानी में गंदगी और सीवर जैसी दुर्गंध आ रही है। बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर परिजन चिंतित हैं। कुछ लोगों ने पेट दर्द, उल्टी और बुखार जैसी शिकायतें भी बताई हैं।

रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एम एल भास्कर ने बताया कि संबंधित विभाग को कई बार शिकायत देने के बावजूद समस्या का समाधान न होने पर नाराजगी जताई है।

## दयानंद वत्स ने विनायक दामोदर सावरकर को किये श्रद्धासुमन अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने संघ के मुख्यालय बरवाला में स्वतंत्रता आंदोलन के मुखर वक्ता, दूरदर्शी सोच के महानायक, प्रबुद्ध लेखक, चिंतक स्वर्गीय दामोदर विनायक सावरकर, वीर सावरकर की 60 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि वीर सावरकर राष्ट्र निर्माण के सच्चे ध्वज वाहक थे। उनकी विचारधारा ओर सोच में भारत की अस्मिता बसती थी।

## राजधानी दिल्ली में भाजपा राज में हो रहा है विकासः पवन खत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली देहात स्थित नरेला में रहने वाले व उत्तरी पश्चिमी जिला, किसान मोर्चा, लोकसभा प्रभारी पवन खत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार राष्ट्रीय राजधानी में पूर्ववर्ती सरकार के अधूरे छोड़े गए कार्यों को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पवन ने कहा कि पिछली आप सरकार के दौरान शुरू किए गए सभी अधूरे विकास कार्यों को पारदर्शी तरीके से पूरा करने में जुटी हुई है दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्राथमिकता यह है कि जनता के काम न रुकें और परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही दिल्ली में स्वच्छता और हरियाली बढाने के साथ-साथ इसका विकास करना सरकार की प्राथमिकता है, जिसको बखूबी निभाया भी जा रहा है। साथ ही कहा कि बीजेपी की मौजूदा सरकार ईमानदार शासन, जन कल्याण और संरचनात्मक सुधारों पर आधारित है। पवन खत्री ने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार ने दिल्ली की बेहतरी के लिए नीतियां बनाने और काम करने में नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा यमुना की सफाई और कूड़े के ढेरों को हटाने जैसे मुद्दों को हल करने के लिए



**विकास...**

**रेखा गुप्ता सरकार ने दिल्ली की बेहतरी के लिए नीतियां बनाने और काम करने की नीति अपनाई हैः खत्री**

ईमानदारी से काम कर रहे हैं। पवन ने कहा कि भाजपा की दिल्ली सरकार ने दिल्ली के 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों को 10 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य बीमा कवरेज दी जाती है। भाजपा नेता पवन खत्री ने आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि हजारों लोग बदलाव की उम्मीद में आंदोलन में शामिल हुए है लेकिन जो लोग सत्ता की भूख नहीं होने का दावा करते थे वह इसी में डूब गए। जनता का भरोसा टूट गया।

## इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के 57वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली में 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन' (आईआईएमसी) के 57वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पत्रकारिता विकसित भारत की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और फर्जी खबरों के खिलाफ सत्य के लिए खड़े होने का आह्वान किया।

# लाल बाग में 3 नये ट्यूबवैल का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले लाल बाग इलाके में 3 नये टयूबवैल का शुभारंभ किया गया। इस टयूबवैल का उद्घाटन मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक गोयल देवराहा, निगम पार्षद सुशील जोंटी ने किया। इस मौके पर कपिल नागर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर विधायक ने क्षेत्र में कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पार्षद सुशील जोंटी ने कहा कि क्षेत्र के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की





समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मेरे कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर स्थानीय निवासियों ने विधायक और पार्षद का स्वागत भी किया।

# नरेला विधानसभा में गूंजे 'जय श्री श्याम' के जयकारे, भक्तिमय हुआ माहौल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** नरेला विधानसभा क्षेत्र स्थित सांवरिया भक्त मंडल द्वादशी वाले की ओर से श्री श्याम निशान यात्रा निकाली गई। पंजाबी कॉलोनी स्थित साईं मंदिर से शुरू हुई इस यात्रा में सैकड़ों श्यामभक्त शामिल हुए। इस दौरान पूरे क्षेत्र में 'जय श्री श्याम' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

यात्रा का शुभारंभ विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के बाद हुआ। श्रद्धालु हाथों में रंग-बिरंगे निशान, ध्वज और पताकाएं लेकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। कई भक्तों ने नंगे पांव चलकर अपनी आस्था प्रकट की। डीजे और भजन मंडलियों द्वारा







प्रस्तुत श्याम भजनों पर भक्त झूमते हुए दिखाई दिए।

**जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल**

यात्रा मार्ग पर फूलों की वर्षा की गई, जिससे पूरा वातावरण श्याममय हो गया। निशान यात्रा पंजाबी कॉलोनी से शुरू होकर क्षेत्र के प्रमुख मार्गों और विभिन्न मोहल्लों से गुजरी। जगह-जगह स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल, प्रसाद और अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। कई स्थानों पर स्वागत द्वार भी बनाए गए थे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि फाल्गुन माह में निकाली जाने वाली इस निशान यात्रा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि श्याम बाबा का सच्चे मन से स्मरण करने पर सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**प्रेम और भाईचारे का दिया संदेश**

यात्रा के माध्यम से समाज में प्रेम, भाईचारे और धार्मिक एकता का संदेश दिया गया। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। जिससे यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। यात्रा पुनः दरबार पहुंची, जहां आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष और भी भव्य रूप से निशान यात्रा निकालने का संकल्प लिया। पूरे दिन क्षेत्र का माहौल भक्ति, उल्लास और श्रद्धा से सराबोर रहा। इस मौके पर पुनीत मंगला, सागर मंगला, पुनीत गुप्ता, बिट्टू सिंहल, विपिन गर्ग, मनीष पंडित, सुभाष गोयल, विजय मंगला सहित सैकड़ों भक्तों ने इस यात्रा में शामिल होकर निशान उठाया।

